Series : HG6EF

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड 4/6/3

रोल नं.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**सामान्य निर्देश :**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :**

*(i)* *प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **चार** खंड हैं – **'क', 'ख', 'ग'** और **'घ'** ।*

*(iii)* ***खंड-क'** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

*(iv)* ***खंड-'ख'** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* ***खंड-'ग'** पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

*(vi)* ***खंड-'घ'** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(vii)* *यथासंभव **सभी** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

## खंड – 'क'

## (अपठित बोध)

1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **7**

हर्बल-ऑर्गेनिक (जैविक) आहार ऐसे आहार होते हैं जो प्राकृतिक रूप से शुद्ध और ताज़ा होते हैं और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं । परंपरागत व्यंजन, पेय पदार्थ, फल-सब्ज़ियाँ और मसाले ऋतु के अनुसार हमारे भोजन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं । परंपरागत और स्वदेशी भोजन एवं पेय पदार्थ पाश्चात्य फास्टफूड एवं रसायन युक्त कोल्ड ड्रिंक्स के शानदार विकल्प हैं । सरकार, व्यापारियों और दुकानदारों को नया कुछ भी नहीं करना है । बस उन्हें पहले से स्थापित भोजनालयों, दुकानों एवं शैक्षणिक संस्थाओं, कम्पनी कार्यालयों की कैंटीनों, मॉल्स तक इनको पहुँचाना है । परंपरागत खाद्य पदार्थों के साथ ऑर्गेनिक खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री के लिए विशेष व्यवस्था की जानी चाहिए । ऑर्गेनिक फलों और सब्ज़ियों के ताज़ा जूस, सूप, शेक, दूध, छाछ, लस्सी, शरबत, ठंडाई, हर्बल चाय, जौ, गेहूँ, मक्का या बाजरे की राबड़ी, नींबू की शिकंजी के साथ ऑर्गेनिक फल भी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाए जा सकते हैं । साधारण ढाबों से लेकर पाँच सितारा होटलों तक शरबत, नारियल पानी, जुवारे का जूस, तरबूज का जूस, सत्तू और छाछ जैसे



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

पेय पदार्थों को उपलब्ध करवाकर इनको उपभोक्ताओं में लोकप्रिय बनाया जा सकता है । पृथक से हर्बल फूड सेंटर बनाकर वहाँ ऑर्गेनिक हरी सब्ज़ियों, दालों एवं मिलेट्स से निर्मित भोजन भी उपलब्ध करवाया जा सकता है । अंकुरित दालें, अनाज, दही, मक्खन, मक्का की घाट को भी लोकप्रिय बनाया जा सकता है । भारतीय स्वदेशी परंपरागत पेय पदार्थ, व्यंजन एवं मिष्ठान्न, बाजार में लोकप्रिय होने से स्वदेशीकरण, समृद्ध किसान और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार होगा । इस तरह के सेंटरों की मदद से रोज़गार के अवसर तो बढ़ेंगे ही रासायनिक खेती से खराब होते खेतों और मानव स्वास्थ्य को भी बचाया जा सकता है ।

(I) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए । 1

- **कथन :** स्वदेशी, परंपरागत और जैविक खाद्य और पेय पदार्थों की लोकप्रियता से देश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी ।
- **कारण :** स्वदेशीकरण किसानों की समृद्धि और देश की आत्मनिर्भरता का आधार है ।

**विकल्प :**

(A) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(II) फास्टफूड एवं रसायन युक्त पेय पदार्थों से बचने के लिए – 1

(A) स्वदेशी भोजन एवं परंपरागत पेय का उपयोग करारा जवाब है ।

(B) हर्बल–ऑर्गेनिक सामान सहजता से उपलब्ध करवाना होगा ।

(C) हर्बल–ऑर्गेनिक पेय एवं खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए लाभदायक हैं ।

(D) पाँच सितारा होटलों में ऑर्गेनिक टैग लगा भोजन खाना बेहतर है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) परंपरागत भोजन को लोकप्रिय कैसे बनाया जा सकता है ? 1

i. उपलब्धता बढ़ाकर

ii. प्रचार–प्रसार द्वारा

iii. बिक्री की विशेष व्यवस्था करके

iv. घर–घर मुफ्त ऑर्गेनिक सामान बाँटकर

**विकल्प :**

(A) ii – iii (B) iii – iv

(C) i – iv (D) i – iii

(IV) आत्मनिर्भर भारत का सपना कैसे पूरा होगा ? 2

(V) हर्बल फूड सेंटर कहाँ–कहाँ लाभदायक होंगे ? 2

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 7

पिता हमेशा रुक्ष नहीं होता, सदैव कठोर व्यवहार से घर को संचालित नहीं करता क्योंकि वह भीतर से सौम्य प्रकृति का होता है । पिता का प्रेम दिखाई नहीं देता, उसे महसूस किया जा सकता है । बाहर से कठोर दिखाई देने वाला पिता भीतरी स्तर पर अत्यन्त भावुक होता है ।

जिस घर में पिता बच्चों के साथ बातचीत करता है, हँसता–बोलता है, उनके सभी क्रियाकलापों में सहयोग करता है, उसी घर में बच्चों का मानसिक व शारीरिक विकास उचित रूप से हो पाता है । अच्छी और सुसंस्कृत संतान हर माता–पिता की ख्वाहिश होती है । बच्चों के पालन–पोषण में दोनों समान भूमिका निभाते हैं । आज का युग इस दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है, जहाँ माता–पिता दोनों कामकाजी हैं । भागदौड़ भरी जिन्दगी में घर के साथ दफ्तर भी सँभालना होता है । ऐसे में केवल माँ के भरोसे घर और बच्चों को छोड़ना सही नहीं है । दोनों के सहयोग से ही घर को सँभाल पाना संभव होता है । पिता का दायित्व आज दफ्तर की सीमा से निकलकर घर तक आ गया है । बच्चों को सुबह उठाकर स्कूल भेजने से लेकर होमवर्क करवाने तक सभी कार्यों में उसकी समान भागीदारी आज अपेक्षित है । आज नई पीढ़ी के युवा घर में इन जिम्मेदारियों को बखूबी निभाते देखे जा सकते हैं ।

वर्तमान समय में पढ़े–लिखे कामकाजी–एकल परिवार में व्यक्ति का जीवन दबाव में ही दिखता है, चाहे वह पढ़ाई का हो, कैरियर का हो अथवा कार्यक्षेत्र में हो । परिवार का खुशनुमा और परस्पर सौहार्दपूर्ण वातावरण उस दबाव से बाहर निकलने में सहायक बनता है ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(I) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए और उत्तर लिखिए । 1

- **कथन :** पिता सदैव कठोर व्यवहार से घर को संचालित नहीं करता ।
- **कारण :** बच्चों की गतिविधियों में पिता की सौम्यतापूर्ण भागीदारी और सहयोग रहता है ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन कारण गलत है ।

(B) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(D) कथन और कारण दोनों सही हैं, लेकिन कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।

(II) अच्छी और सुसंस्कृत संतान के लिए अपेक्षित है – 1

(A) बच्चों के पालन–पोषण में केवल माता की सहभागिता

(B) बच्चों के पालन–पोषण में केवल पिता की सहभागिता

(C) बच्चों के पालन–पोषण में माता–पिता दोनों की सहभागिता

(D) बच्चों के पालन–पोषण में समाज की सहभागिता

(III) आज की युवा पीढ़ी में कौन–सा सकारात्मक परिवर्तन आया है ? 1

(A) युवा माता–पिता दोनों का कामकाजी होना ।

(B) बच्चों की परवरिश में माता को पिता का पूर्ण सहयोग मिलना ।

(C) एकल परिवारों का चलन दिन–प्रतिदिन बढ़ना ।

(D) एकल परिवारों में बच्चों का जल्दी परिपक्व होना ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(IV) माता–पिता पर अपनी संतान को लेकर कौन–कौन से दबाव हैं ? इन दबावों से आप अपने माता–पिता को मुक्ति कैसे दिलवा सकते हैं ? 2

(V) पिता की कौन–सी दो विरोधी बातें परिवार को सही दिशा में ले जाती हैं ? 2

## खंड – 'ख'

### (व्यावहारिक व्याकरण)

3. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) 11 बजे मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों ने झंडोत्सव मनाया । (संज्ञा पदबंध छाँटिए ।)

(II) जगह–जगह फोटो उतर रहे थे । (क्रिया पदबंध छाँटिए ।)

(III) नोटिस निकल गया था कि मोनुमेंट के नीचे ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर झंडा फहराया जाएगा । (क्रिया–विशेषण पदबंध छाँटिए ।)

(IV) <u>कुछ काम करने वाले</u> लोग थे । (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

(V) <u>मैदान के मोड़ पर पहुँचते ही</u> पुलिस ने लाठियाँ चलानी शुरू कर दी । (रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए ।)

4. 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) उत्सव का क्या मतलब है, लड़कियों को समझाया गया । (सरल वाक्य में बदलिए ।)

(II) दो–तीन बजे कई आदमियों को पकड़ लिया गया । (रचना की दृष्टि से वाक्य–भेद लिखिए ।)



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) वहाँ रहने वाले तताँरा को निकोबारी बेहद प्रेम करते थे । (संयुक्त वाक्य में बदलिए ।)

(IV) जब बिहारी सात-आठ साल के ही थे तभी इनके पिता ओरछा चले आए । (रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए ।)

(V) सुभाष बाबू का जुलूस ठीक चार बजे मोनुमेंट पहुँच गया । (मिश्र वाक्य में बदलिए ।)

5. 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) 'शब्दहीन' सामासिक पद का विग्रह कीजिए और भेद भी लिखिए ।

(II) 'अव्ययीभाव' समास का एक उदाहरण दीजिए ।

(III) 'सप्तसिंधु' किस समास का उदाहरण है और कैसे ?

(IV) 'महान है आत्मा जिसकी' विग्रह का समस्त पद बनाकर भेद का नाम लिखिए ।

(V) 'विद्या रूपी धन के सामने सभी धन तुच्छ हैं ।' निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पदों की जगह उपयुक्त समस्त पद लिखिए ।

6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(I) 'मेले में तताँरा वामीरो को एक साथ देखकर वामीरो की माँ आग-बबूला हो उठी ।' – इस वाक्य में से मुहावरा छाँटकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए ।

(II) 'खुशी का ठिकाना न रहना' – मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(III) 'विरोध करना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा लिखिए।

(IV) रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे द्वारा कीजिए।

परीक्षा में प्रथम आने के लिए रात-दिन __________ पड़ती है।

(V) भाई साहब के सूक्ति-बाणों से मेरी तो __________ ।

## खंड – 'ग'

## (पाठ्यपुस्तक पर आधारित)

7. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों को चुनिए : $5 \times 1 = 5$

कर चले हम फ़िदा जानो-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते क़दम को न रुकने दिया
कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो...

(I) 'सर हिमालय का हमने न झुकने दिया' – पंक्ति में हिमालय किसका प्रतीक है ?

(A) भारत माता के मुकुट का

(B) उत्तर में स्थित पर्वत-शृंखला का

(C) देश की आन-बान और शान का

(D) देश के प्राकृतिक सौंदर्य का



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(II) 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' – पंक्ति के संदर्भ में सैनिकों की इस स्थिति का कारण है –

(A) मार्ग की थकावट और निद्रा

(B) ऊँची-ऊँची पर्वत-चोटियाँ

(C) युद्ध में घायल होना

(D) विपरीत प्राकृतिक परिस्थितियाँ

(III) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

- **कथन :** सामने के खतरों के समक्ष साँसें रुकती थीं फिर भी दुश्मन से मुकाबला करने के लिए कदम बढ़ते ही जाते थे ।
- **कारण :** देश की स्वतंत्रता-सुरक्षा सैनिक के लिए सर्वोपरि थी ।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(B) कथन और कारण दोनों गलत हैं ।

(C) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(D) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(IV) शहीद होने वाले सैनिक को किस बात का गर्व है ?

(A) देश को सुरक्षित हाथों में सौंपने का

(B) आखिरी साँस तक देश की रक्षा करने का

(C) देश की सीमा पर बलिदान देने का

(D) शत्रु को देश में न आने देने का



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(V) 'कर चले हम फ़िदा जानो–तन साथियो' – पंक्ति के संदर्भ में 'फ़िदा' शब्द का अर्थ है –

(A) भेंट देना

(B) मोहित होना

(C) लुटाना

(D) बलिदान करना

8. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(I) 'कबीर' की साखियों में कौन–कौन से जीवन–मूल्य उभरते हैं ?

(II) बादलों से पर्वत के छिप जाने पर कवि की कल्पना, 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(III) 'मनुष्यता' कविता में कवि लोगों से किस प्रकार के व्यवहार की अपेक्षा करता है ? किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख कीजिए।

(IV) 'दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद'
'तोप' कविता से उद्धृत इन पंक्तियों का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

9. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर लिखिए : **$5 \times 1 = 5$**

ग्वालियर से बंबई की दूरी ने संसार को काफ़ी कुछ बदल दिया है। वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था। पेड़ थे, परिंदे थे और दूसरे जानवर थे। अब यहाँ समंदर के किनारे लंबी–चौड़ी बस्ती बन गई है। इस बस्ती ने न जाने कितने परिंदों–चरिंदों से उनका घर छीन लिया है। इनमें से कुछ शहर छोड़कर चले गए हैं। जो नहीं जा सके हैं उन्होंने यहाँ–वहाँ डेरा डाल लिया है। इनमें से दो कबूतरों ने मेरे फ्लैट के एक मचान में घोंसला बना लिया है। बच्चे अभी छोटे



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

हैं। उनके खिलाने–पिलाने की ज़िम्मेदारी अभी बड़े कबूतरों की है। वे दिन में कई–कई बार आते–जाते हैं। और क्यों न आएँ–जाएँ आखिर उनका भी घर है। लेकिन उनके आने–जाने से हमें परेशानी भी होती है। वे कभी किसी चीज़ को गिराकर तोड़ देते हैं। कभी मेरी लाइब्रेरी में घुसकर कबीर या मिर्ज़ा गालिब को सताने लगते हैं। इस रोज़–रोज़ की परेशानी से तंग आकर मेरी पत्नी ने उस जगह जहाँ उनका आशियाना था, एक जाली लगा दी है, उनके बच्चों को दूसरी जगह कर दिया है। उनके आने की खिड़की को भी बंद किया जाने लगा है। खिड़की के बाहर अब दोनों कबूतर रात–भर खामोश और उदास बैठे रहते हैं।

(I) लेखक पहले कहाँ रहता था और अब कहाँ रहने लगा है ?

(A) बंबई (मुंबई)–ग्वालियर

(B) वर्सोवा – ग्वालियर

(C) बंबई – वर्सोवा

(D) ग्वालियर – बंबई

(II) लेखक जब वर्सोवा रहने आया तो वहाँ स्थिति कैसी थी ?

(A) प्राकृतिक वातावरण समृद्ध था।

(B) आधुनिक सुविधाओं से भरपूर वातावरण था।

(C) हवा-पानी की पर्याप्त सुविधा थी।

(D) अड़ोस-पड़ोस बहुत अच्छा था।

(III) कबूतरों की उदासी का कारण था

(A) वे अपने बच्चों को खाना नहीं दे पाते थे।

(B) घर में अंदर जाने के रास्ते बंद हो गए थे।

(C) बच्चे जाली के पीछे रह गए थे।

(D) बच्चे जाली से बाहर आना चाह रहे थे।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(IV) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

- **कथन :** लेखक की पत्नी ने कबूतरों के घोंसले का स्थान बदल दिया ।
- **कारण :** वे घर के अंदर घुसकर टेबल–पुस्तकें आदि गंदी कर देते थे ।

(A) कथन सही है, किंतु कारण गलत है ।

(B) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(C) कथन गलत है, किंतु कारण सही है ।

(D) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है ।

(V) गद्यांश के आधार पर बढ़ते शहरीकरण का क्या दुष्परिणाम निकला ?

(A) पर्यावरण दूषित हो गया ।

(B) जीवन फ्लैटों में सिमट गया ।

(C) जीव-जंतु घर से बेघर हो गए ।

(D) समुद्र किनारे घनी आबादी बस गई ।

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए : **$3 \times 2 = 6$**

(I) 'बुनियाद ही पुख्ता न हो, तो मकान कैसे पायेदार बने ?' 'बड़े भाई साहब' कहानी के इस कथन के माध्यम से क्या सीख मिलती है ?

(II) धर्मतल्ले पर क्या घटना घटित हुई ? 'डायरी का पन्ना' पाठ के आधार पर लिखिए ।

(III) 'तताँरा–वामीरो कथा' के आधार पर रूढ़ियों के विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए ।

(IV) 'झेन की देन' प्रसंग से लेखक किस तथ्य को उजागर करना चाहता है ?



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

11. 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40-50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(I) 'रिश्तों की बुनियाद प्रेम है ।' 'टोपी शुक्ला' पाठ से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(II) 'हरिहर काका' कहानी में ठाकुरबारी के महंत ने हरिहर काका को अपने जाल में फँसाने के लिए क्या प्रयास किया ? आजकल बुजुर्गों के साथ साइबर अपराध होते हैं, आप उनसे बचने के लिए उन्हें क्या सुझाव देंगे ?

(III) 'खेलकूद बच्चों को अनुशासित, सक्रिय और मिलनसार बनाता है ।' – इस कथन पर अपने विचार 'सपनों के से दिन' पाठ से उदाहरण देते हुए लिखिए ।

## खंड – 'घ'

## (रचनात्मक लेखन)

12. (I) "आज की पिकनिक, मज़ा आ गया । सोचा भी न था कि इतना ......" इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लघु-कथा को लगभग **100** शब्दों में पूरा कीजिए । **5**

**अथवा**

(II) आप दिव्य/दिव्या हैं । अ.ब.स. बैंक में आपका बचत खाता है । आपके ई–मेल और फ़ोन पर खाते से संबंधित सूचनाएँ मिलनी बंद हो गई हैं । सुविधा पुन: प्रारंभ करने के लिए बैंक प्रबंधक को लगभग **80** शब्दों में ई–मेल लिखिए ।

13. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **40** शब्दों में विज्ञापन लिखिए : **3**

(I) आपके विद्यालय के विद्यार्थियों ने 'पड़ोस के बच्चों' के साथ मिलकर कुछ फूलों के गमले तैयार किए हैं, जिन्हें बेचकर बच्चों के लिए पुस्तकें एवं खेल–खिलौनों की व्यवस्था की जाएगी । गमलों की बिक्री के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**अथवा**



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(II) डिजिटली ठगी के बढ़ते अपराधों से जनसाधारण को सावधान रहने हेतु अ.ब.स. संस्थान द्वारा जनहित में जारी एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **60** शब्दों में सूचना लिखिए : **4**

(I) आप अपने विद्यालय की विद्यार्थी परिषद के सचिव विभू/विभा हैं । आपके विद्यालय में साझी कार्यक्रम के अंतर्गत अंतरविद्यालीय 'संगीत प्रस्तुति' का आयोजन किया जा रहा है । सभी स्कूलों को जानकारी देने के लिए सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(II) आप अ.ब.स. सोसायटी के सचिव विभू/विभा हैं । आपकी मोहल्ला समिति, वृक्षारोपण का आयोजन कर रही है जिसमें सभी मोहल्लावासियों की भागीदारी अपेक्षित है अत: इसके लिए सूचना तैयार कीजिए ।

15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए : **5**

(I) आप दसवीं कक्षा के छात्र/छात्रा अनुज/अनुजा हैं । अपनी प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर विद्यालय के पुस्तकालय में बाल साहित्य की पुस्तकें मँगवाने का निवेदन कीजिए ।

**अथवा**

(II) आप अनुज/अनुजा हैं । आपके क्षेत्र में विद्युत की कटौती बहुत अधिक हो रही है और आपकी वार्षिक परीक्षा नज़दीक है । विद्युत विभाग के अधिकारी को पत्र लिखकर सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दिनों में आपके क्षेत्र में बिजली की आपूर्ति निर्बाधित हो ।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

16. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : **5**

(I) कंप्यूटर युग

संकेत बिंदु – • कंप्यूटर का बढ़ता उपयोग • कंप्यूटर के विविध क्षेत्र • कंप्यूटर क्रांति

(II) जीवन का सच्चा सुख संतोष में...

संकेत बिंदु – • संतोष का महत्त्व • इच्छा नियंत्रण • सुखी जीवन का आधार

(III) किसी खेल का आँखों देखा वर्णन ...

संकेत बिंदु – • खेल का चरमोत्कर्ष • लोगों में उत्साह • अंतिम चरण में पासा पलटा



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु</u>**

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/6/1, 4/6/2, 4/6/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Series: HG6EF प्रश्न-पत्र कोड 4/6/1, 4/6/2, 4/6/3**

# अंक योजना

# हिंदी 'ब'(085)

| प्रश्न सं. | 4/6/1 | 4/6/2 | 4/6/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1** | **1** | **2** | 2 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (I) | (I) | (I) | (C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| | (II) | (II) | (II) | (C) बच्चों के पालन-पोषण में माता-पिता दोनों की सहभागिता | 1 |
| | (III) | (III) | (III) | (B) बच्चों की परवरिश में माता को पिता का पूर्ण सहयोग मिलना। | 1 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • पढ़ाई, कैरियर, कार्यक्षेत्र एवं सामाजिक प्रतिस्पर्धा का दबाव<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | 1+1 |
| | (V) | (V) | (V) | • बाहर से कठोर दिखाई देने वाले पिता भीतर से मृदुल, भावुक व कोमल<br>• पिता का प्रेम दिखाई न देना पर महसूस करना | 2 |
| **2** | **2** | **1** | 1 | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (I) | (I) | (I) | (C) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| | (II) | (II) | (II) | (A) स्वदेशी भोजन एवं परंपरागत पेय का उपयोग करारा जवाब है। | 1 |
| | (III) | (III) | (III) | (D) i-iii | 1 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • स्वदेशी परंपरागत पेय, व्यंजनों, मिठाइयों आदि को बाज़ार में लोकप्रिय बनाने से<br>• किसानों की समृद्धि से | 1+1 |
| | (V) | (V) | (V) | • रोजगार के नए अवसरों का विकास करने में<br>• रासायनिक खेती से ख़राब होते खेतों और मानव स्वास्थ्य को बचाने में | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| 3 | 3 | 3 | 3 | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | रंग-बिरंगे कागज़ों की तितलियाँ– संज्ञा पदबंध / रंग-बिरंगे कागज़ों की- विशेषण पदबंध | 1<br>1 |
| | (II) | - | - | खेल रहा था | 1 |
| | (III) | - | - | दादा की गाढ़ी कमाई के रुपए | 1 |
| | (IV) | - | - | मैदान की सुखद | 1 |
| | (V) | - | - | सुबह से शाम तक | |
| | - | (I) | - | एक ललित निबंध / चार पन्नों | 1 |
| | - | (II) | - | समझ नहीं सकता है | 1 |
| | - | (III) | - | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | (IV) | - | नीचे की तरफ | 1 |
| | - | (V) | - | संज्ञा पदबंध | 1 |
| | - | - | (I) | मारवाड़ी बालिका विद्यालय की लड़कियों | 1 |
| | - | - | (II) | उतर रहे थे | 1 |
| | - | - | (III) | ठीक चार बजकर चौबीस मिनट पर | 1 |
| | - | - | (IV) | विशेषण पदबंध | 1 |
| | - | - | (V) | क्रिया-विशेषण पदबंध | 1 |
| 4 | 4 | 4 | 4 | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | मैं यह लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। | 1 |
| | (II) | - | - | जो मेरे भाई साहब थे/मेरे जो भाई साहब थे वे उपदेश की कला में निपुण थे। | 1 |
| | (III) | - | - | सरल वाक्य | 1 |
| | (IV) | - | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | (V) | - | - | कार्तिक मास आया और हवा में ठंडक शुरू हो गई। | 1 |
| | - | (I) | - | जो सफल खिलाड़ी होता है उसका कोई निशाना खाली नहीं जाता। | 1 |
| | - | (II) | - | मेरे दरजे में आने पर दाँतों पसीना आ जाएगा। | 1 |
| | - | (III) | - | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | (IV) | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | (V) | - | मैं तुमसे पाँच साल बड़ा हूँ और हमेशा रहूँगा। | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (I) | लड़कियों को उत्सव का मतलब समझाया गया। | 1 |
| | - | - | (II) | सरल वाक्य | 1 |
| | - | - | (III) | तताँरा निकोबार में / वहाँ रहता था और निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। | 1 |
| | - | - | (IV) | मिश्र वाक्य | 1 |
| | - | - | (V) | सुभाष बाबू का जो जुलूस था, वह ठीक चार बजे मोनुमेंट पहुँच गया। | 1 |
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | गुल्ली और डंडा – द्वंद्व समास | ½+½ |
| | (II) | - | - | तत्पुरुष समास | 1 |
| | (III) | - | - | अव्ययीभाव समास, प्रथम पद 'प्रति' अव्यय | ½+½ |
| | (IV) | - | - | त्रिभुज – द्विगु समास | ½+½ |
| | (V) | - | - | दशानन, गजानन (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (I) | - | बिना काम के – अव्ययीभाव समास | ½+½ |
| | - | (II) | - | द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची | ½+½ |
| | - | (III) | - | रात-दिन, माता-पिता (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | (IV) | - | कांतिहीन – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (V) | - | ध्यानमग्न | 1 |
| | - | - | (I) | शब्द से हीन – तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (II) | आमरण, यथाशक्ति (अन्य उपयुक्त उदाहरण भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | - | (III) | द्विगु समास, प्रथम पद संख्यावाची | ½+½ |
| | - | - | (IV) | महात्मा – बहुव्रीहि समास | ½+½ |
| | - | - | (V) | विद्याधन | 1 |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (I) | - | - | आँखें फोड़नी | **1** |
| | (II) | - | - | हिम्मत टूट जाती | 1 |
| | (III) | - | - | हाथ-पाँव फूल जाना – उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | (IV) | - | - | दबे पाँव आना | 1 |
| | (V) | - | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (I) | - | आँखें फोड़नी | **1** |
| | - | (II) | - | हँसी-खेल होना/ ऐरा-गैरा नत्थू-खैरा- किसी एक मुहावरे का उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (III) | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | (IV) | - | खाल खींचना / चमड़ी उधेड़ना | 1 |
| | - | (V) | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | - | (I) | आग बबूला होना - उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (II) | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | - | (III) | आवाज़ उठाना | **1** |
| | - | - | (IV) | आँखें फोड़नी | 1 |
| | - | - | (V) | हिम्मत टूट जाती | 1 |
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| **7** | **7** | 8 | 9 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 **x** 5<br>= **5** |
| | (I) | (I) | (I) | (D) ग्वालियर – बंबई | |
| | (II) | (II) | (II) | (A) प्राकृतिक वातावरण समृद्ध था। | |
| | (III) | (III) | (III) | (B) घर में अंदर जाने के रास्ते बंद हो गए थे। | |
| | (IV) | (IV) | (IV) | (D) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | |
| | (V) | (V) | (V) | (C) जीव-जंतु घर से बेघर हो गए। | |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **8** | **8** | 7 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | **(2 x 3 = 6)** |
| | (I) | (I) | (I) | • बचपन से ही जीवन में सुदृढ़ता, स्थिरता लाने के लिए कठिन परिश्रम आवश्यक<br>• शिक्षा रूपी भवन की बुनियाद जितनी मजबूत होगी, भविष्य उतना ही उन्नत होगा | **2** |
| | (II) | (II) | (II) | • पुलिस द्वारा लाठीचार्ज होने पर धर्मतल्ले के मोड़ पर जुलूस का टूटना<br>• कुछ स्त्रियाँ वहीं मोड़ पर बैठ गईं जिन्हें पुलिस ने पकड़कर लाल बाज़ार भेज दिया और कुछ स्त्रियाँ विमल प्रतिभा के नेतृत्व में आगे बढ़ गईं। | 2 |
| | (III) | (III) | (III) | • रूढ़ियाँ जब बंधन बन जाएँ, विकास मार्ग अवरुद्ध करें, बोझ हो जाएँ तब उनका टूटना बेहतर<br>(विद्यार्थी के तर्कपूर्ण एवं उचित मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 2 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | • जीवन में ध्यान के महत्त्व को स्थापित करना<br>• प्रतिस्पर्धा से बचते हुए अपने सामर्थ्य के अनुसार कार्य का चयन करना<br>• हमेशा वर्तमान में जीना | 2 |
| **9** | **9** | 10 | 7 | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 **x** 5 **= 5** |
| | (I) | (I) | (I) | (C) देश की आन-बान और शान का | |
| | (II) | (II) | (II) | (D) विपरीत प्राकृतिक परिस्थितियाँ | |
| | (III) | (III) | (III) | (A) कथन सही है और कारण उसकी सही व्याख्या है। | |
| | (IV) | (IV) | (IV) | (B) आखिरी साँस तक देश की रक्षा करने का | |
| | (V) | (V) | (V) | (D) बलिदान करना | |
| **10** | **10** | 9 | 8 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2x3 =6) |
| | (I) | (I) | (I) | • प्रेम, विनम्रता, त्याग, करुणा, समता तथा सहयोग की भावना<br>(किन्हीं दो जीवन-मूल्यों का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | (II) | (II) | (II) | • विशाल पर्वत, झरने तथा वृक्षों का गायब हो जाना<br>• बादलों के पंख लगाकर पर्वत का उड़ जाना<br>• झरनों की सिर्फ आवाज़ सुनाई देना<br>• मूसलाधार वर्षा ऐसी मानो आसमान धरती पर टूट पड़ा हो | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (III) | (III) | (III) | ● उदारता, परोपकार, परस्पर सहयोग, एकता आदि<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 2 |
| | (IV) | (IV) | (IV) | ● तोप- सत्ता की निरंकुशता का प्रतीक<br>● अत्याचारी के आतंक का अंत निश्चित है अतः शक्ति का दुरुपयोग नहीं | 2 |
| **11** | **11** | **11** | 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित – | (3x2 =6) |
| | (I) | (III) | (II) | महंत के प्रयास-<br>● परिवार के दुर्व्यवहार से नाराज़ हरिहर काका को महंत द्वारा पारिवारिक मोहमाया के बंधन से दूर रहने की सलाह<br>● अपने हिस्से की ज़मीन ठाकुर जी को लिख देने से कीर्ति और यश के साथ सुख-सुविधाओं से युक्त संपन्न जीवन का वादा<br>● धर्म का वास्ता देकर मोक्ष का प्रलोभन<br>सुझाव -<br>(विद्यार्थी के तर्कपूर्ण एवं उचित मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 1+2 |
| | (II) | (II) | (I) | ● अलग-अलग धर्म के टोपी और इफ़्फ़न की दोस्ती का आधार प्रेम<br>● उम्र में अंतर के बावजूद टोपी और इफ़्फ़न की दादी के मध्य प्रेम<br>● आर्थिक और सामाजिक स्तर में अंतर के बावजूद टोपी का बूढ़ी नौकरानी से लगाव | 3 |
| | (III) | (I) | (III) | उदाहरण-<br>● भिन्न भाषा-भाषी बच्चों का एक साथ मिलकर खेलना, स्कूल में पी. टी. का कालांश, ननिहाल में खेले जाने वाले खेल<br>(विद्यार्थी के तर्कपूर्ण एवं उचित मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | 3 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| **12** | **12** | **13** | **16** | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक | 5 **x** 1<br>= **5** |
| **13** | **13** | **12** | **15** | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 **x** 1<br>= **5** |
| **14** | **14** | **15** | **14** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 4 **x** 1<br>= 4 |
| **15** | **15** | **14** | **13** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 3 **x** 1<br>= 3 |
| **16** | **16** | **16** | **12** | लघुकथा लेखन **अथवा** ई-मेल लेखन:<br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक<br>**अथवा**<br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 **x** 1<br>= **5** |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in